an>

Title: Need to take suitable measures to prevent accidents of fishing boats in sea close to Rajula Jaffarabad in Gujarat.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): मैं मंत्री जी को बताना चाहता हूँ कि गुजरात राज्य में राजुला जाफराबाद के समुद्र में वहां के स्थानीय निवासी मछली उद्योग पर ही निर्भर करते हैं, जब वे मछली पकड़ने के लिए अपनी बोट लेकर समुद्र में जाते हैं तो अनेकों बार उनकी बोट बड़े-बड़े जहाजों से टकरा कर नष्ट हो जाती है और मछुआरों की मौत भी हो जाती है।

इन दुर्घटनाओं की जांच तक नहीं होती है और न ही मछुआरों को सरकार की ओर से कोई सहायता दी जाती है, और कोई कानूनी कार्यवाही भी नहीं होती है, जिसका सीधा असर मछुआरों की जीविका पर पड़ता है।

मेरी मांग है कि समुद्र के मध्य में यदि कोस्टगार्ड की गश्त बढ़ा दी जाये तो इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और साथ ही साथ, मछुआरों को उनका हक और न्याय दिलाने की प्रक्रिया में मदद हो सकती है।